(1)

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष, श्रीमती शबनम परवीन का दिनांक–22.10.2022 को राँची जिला में पी0एम0 पोषण से सम्बन्धित औचक निरीक्षण प्रतिवेदन।

- दिनांक–22.10.2024 को आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष, श्रीमती शबनम परवीन द्वारा राँची जिलान्तर्गत कांके प्रखण्ड के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय (UDISE CODE-20140100104) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा उपस्थित शिक्षिकाओं को निम्न सुझाव एवं निर्देश दिये गये:–

- निरीक्षण के दौरान बच्चों से पूछताछ करने के क्रम में जानकारी मिली कि दिनांक–21.10.2024 को मेन्यू के अनुसार किसी भी बच्चे को अण्डा नहीं दिया गया। बच्चों को सिर्फ केला दिया गया, जबकि सूचना पट्ट पर अंकित मेन्यू के अनुसार उक्त तिथि को बच्चों को अण्डा एवं फल दोनों दिये जाने का प्रावधान सूचना पट्ट पर अंकित है। इस पर आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा उपस्थित शिक्षिकाओं को निर्देश दिया गया कि जो बच्चे अण्डा नहीं खाते हैं, उन्हें फल उपलब्ध कराया जाए एवं जो बच्चे अण्डा एवं फल दोनों खाते हैं, उन्हें दोनों सामग्री उपलब्ध कराया जाए।

- निरीक्षण के दौरान बच्चों से पूछताछ करने के क्रम में जानकारी मिली कि बच्चों को बिना Horlicks के ही दूध उपलब्ध कराया जाता है। आयोग की सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष द्वारा उपस्थित शिक्षिकाओं को दूध के साथ Horlicks भी उपलब्ध कराने एवं मेन्यू के अनुसार बच्चों को नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा यह भी बताया गया कि जो बच्चे मछली नहीं खाते हैं उन्हें भोजन में मछली के स्थान पर पनीर उपलब्ध कराया जाता है।

इसके साथ उक्त विद्यालय का औचक निरीक्षण समाप्त हुआ।

24.10.24
(शबनम परवीन)
सदस्या–सह–प्रभारी अध्यक्ष,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।